# UNIVERSITY NEWS 13 MAY 2026

**DAINIK JAGRAN**

## उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं के लिए केंद्र तय

**जागरण संवाददाता • लखनऊ** : बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की ओर से 31 मई को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा–2026 के लिए प्रदेश भर में केंद्रों का निर्धारण कर दिया गया है। इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध पांच जिलों लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी और सीतापुर को मिलाकर 70 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें परीक्षा के लिए 30 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। हर जिले में प्रवेश परीक्षा की निगरानी के लिए एक सिटी कोआर्डिनेटर भी नामित कर दिए गए हैं।

संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. भावना मिश्रा को नोडल अधिकारी और समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार गुप्ता को नोडल कोआर्डिनेटर बनाया गया है। प्रो. प्रमोद ने बताया कि संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए प्रथम पाली का समय सुबह नौ बजे से 12 बजे और दूसरी पाली का दोपहर दो बजे से पांच बजे तक रहेगा। लवि के गणित विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. श्याम किशोर को परीक्षा के लिए लखनऊ के कोआर्डिनेटर हैं। बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 21 मई को जारी करेगा।



लखनऊ विश्वविद्यालय एवं संबद्ध पांच जिलों में बनाए गए कुल 70 केंद्र, 30 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी देंगे इन केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा

### लवि से जुड़े कालेजों में केंद्र और अभ्यर्थी

| विषय | केंद्र | पंजीकृत अभ्यर्थी |
|---|---|---|
| लखनऊ | 40 | 18,048 |
| हरदोई | 8 | 2800 |
| रायबरेली | 7 | 2700 |
| लखीमपुर खीरी | 9 | 4400 |
| सीतापुर | 6 | 2300 |

**HINDUSTAN**

## एलयू के विभिन्न कोर्स में आवेदन शुरू

**लखनऊ, संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय में दो दर्जन से ज्यादा पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और प्रोफिशिएंसी कार्यक्रमों की 885 सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन की शुरुआत हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल के लिंकसे आवेदन प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। इस संबंध में नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है।

प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनित्य गौरव की ओर से सीटों का विवरण पाठ्यक्रमवार जारी कर दिया गया है। सामान्य, ओबीसी, ईडबल्यूएस अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1500 रुपये और एससी व एसटी के लिए 750 रुपये तय किया गया है। इसमें एलयूआरएन पंजीकरण का शुल्क भी शामिल है। प्रवेश समन्वयक के मुताबिक, दाबिर-ए-माहिर में 100, आलिम 100, दाबिर-ए-कामिल 60, फाजिल-ए-अदब 60, फाजिल-ए-तफसीर शिया 10, फाजिल-ए-तफसीर सुन्नी 10, एडवांस डिप्लोमा इन फ्रेंच रेगुलर 10, प्रोफिशिएंसी इन फ्रेंच रेगुलर व सेल्फ फाइनेंस की 10-10 सीटों पर सर्टिफिकेट कोर्स के लिए आवेदन शुरू हुए हैं। इसी तरह प्रोफिशिएंसी इन फ्रेंच की 20 सीट, तमिल की 20 सीट, टूरिज्म एंड कल्चरल हेरिटेज ऑफ इंडिया 20, एडवांस डिप्लोमा माइनिंग टेक्नोलॉजी और डाटा एनालिटिक्स विथ स्टैस्टिकल पैकेज फॉर सोशल साइंसेज की 30 सीटों में डिप्लोमा के लिए भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### पीजी डिप्लोमा के इन कोर्स में दाखिले का मौका



एलयू में प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनित्य गौरव का कहना है कि आर्कियोलॉजी एंड म्यूजियोलॉजी 15, डिजास्टर रिस्क रिडक्शन 20, गर्भ संस्कार 20, लोक प्रशासन 60, रिप्रोडक्टिव एंड चाइल्ड हेल्थ 20, ह्यूमन राइट्स 20, एपिडेमोलॉजी एंड बायोस्टैटिस्टिक्स 30, साइबर सिक्योरिटी 40, नेशनल रिसोर्सेज एंड गवर्नेंस की 30 सीटों पर एडमिशन के लिए आवेदन आरंभ हो गए हैं। प्रोफेशिएंसी इन पर्शियन 10, प्रोफेशिएंसी इन तमिल 20 और प्रोफेशिएंसी इन सुगम हिन्दी की 20 सीटों पर आवेदन शुरु हुए हैं।

**HINDUSTAN**

## प्रो. अमिता वन्य जीव विज्ञान निदेशक बनीं

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में प्राणी विज्ञान विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका प्रोफेसर अमिता कनौजिया को इंस्टीट्यूट ऑफ वाइल्ड लाइफ साइंसेज का निदेशक नियुक्त किया गया है। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा की ओर से जारी आदेश के अनुसार कुलपति की स्वीकृति के बाद यह नियुक्ति तीन वर्षों की अवधि अथवा अगले आदेश तक के लिए प्रभावी रहेगी।

## एलयू के 20 विद्यार्थियों का रियलिटी असिस्टेंट में चयन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के 20 छात्र–छात्राओं का रियलिटी असिस्टेंट कंपनी में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को रिलेशनशिप मैनेजर पद पर नियुक्त किया जाएगा, जिनका अधिकतम वार्षिक पैकेज 7.20 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने बधाई दी।

## पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को लेकर जानकारी मांगी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी तेज कर दी है। कुलसचिव कार्यालय की ओर से संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों और विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर अर्ह शिक्षकों और उपलब्ध सीटों का विवरण मांगा गया है। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा की ओर से जारी पत्र में कहा गया है किपीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जानी है।

**DAINIK JAGRAN**

## नए सत्र के लिए पीएचडी सीटों और शिक्षकों का विवरण मांगा

**लखनऊ** : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026–27 के पीएच.डी प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने लखनऊ, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई और रायबरेली के राजकीय और अनुदानित कालेजों से उनके यहां पीएच.डी के लिए अर्ह शिक्षकों का प्रोफार्मा एवं उनके अंतर्गत विषय और विभागवार सीटों का विवरण देने के लिए कहा है। कुलसचिव डा. भावना मिश्रा की ओर से जारी पत्र के अनुसार कालेजों को इन सीटों का विवरण लवि परिसर के संबंधित विभाग को विभागीय शोध समिति में शामिल करने के लिए 14 मई तक उपलब्ध कराना होगा। **वि.**

## लवि के 20 विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

**लखनऊ** : लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के 20 छात्र–छात्राओं का रियल्टी असिस्टेंट कंपनी में चयन हुआ है। इन विद्यार्थियों को कंपनी की ओर से अधिकतम 7.20 लाख रुपये वार्षिक मिलेगा। **वि.**

**DAINIK JAGRAN**

## पीएचडी के नौ विषयों की मेरिट सूची जारी

**लखनऊ** : लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को पीएच.डी के नौ विषयों में चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी। इनमें मैनेजमेंट स्टडीज, बायो केमिस्ट्री, बाटनी, एंशियन इंडियन हिस्ट्री एंड आर्कियोलाजी, जाग्रफी, इकोनामिक्स, होमसाइंस, साइकोलाजी और फिजिकल एजुकेशन विषय शामिल है। **वि.**